## सार-समाचार

### जनसम्पर्क कर मांगे वोट



**भीम, (निसं)।** भीम देवगढ़ विधानसभा से कांठोस प्रत्याशी सुदर्शन सिंह रावत ने सोमवार को अलसुबह ही पूजा पाठ कर क्षेत्र के थानेटा, लसाड़िया, बिलियावास, बार, शेखावास, जैतगढ ग्राम पंचायतों के गांवों पीपलवाला, जेलवा, थानेटा, बड़ो की रेल, जवाड़िया, सरेली घाटी, मियाला खेत, नाड़िया परतो का चौड़ा, नीचला करकाला, उपरला लसाड़िया, नीचला लसाड़िया, छिपोला, जैताखेड़ा, शेखावास, खेड़ी का खेड़ा, भैरूखेड़ा, नायको का बाड़िया, चौहानों का बाड़िया, जैतगढ उम्मेदपुरा में ताबड़ तौड सघन चुनावी जनसम्पर्क कर जगह-जगह नुक्कड सभाओं को सम्बोधित किया। ठाामवासियों का जन सैलाब जिसमें युवा और महिलाओं की भारी तादाद थी अपने लाड़ले विकास पुरूष कांग्रेस प्रत्याशी विधायक रावत का स्वागत सत्कार करने और सुनने के लिए देर रात तक आतुर दिखाई दिए। कांग्रेसप्रत्याशी रावत का जगह-जगह माला साफा और पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। कांग्रेस प्रत्याशी रावत ने अपने सम्बोधन में कहा कि थानेटा ठााम पंचायत क्षेत्र जो कि दुर्गम मगरी पहाड़ी इलाकों से घिरा है । मैंने इस क्षेत्र में चहुमुंखी सर्वांगीण विकास करोड़ों की लागत से कराया। जबकि इस गांव को पूर्व भाजपा विधायक ने गोद ले रखा था। पुनः आर्शीवाद मिलने के पश्चात् थानेटा पंचायत में निरन्तर व्यापक विकास कार्य जारी रहेगें। गौरतलब है कि थानेटा में शराब बन्दी में भी कांग्रेस प्रत्याशी विधायक ने जी तौड़ मेहनत की थी। जगह-जगह विधायक रावत ने अपने सम्बोधन में अपील की कि पिछले 5 वर्षो में उन्होंने अपना राम धर्म और कत्तर्व्य निभाते हुए भीम देवगढ विधानसभा में चहुमुंखी सर्वांगीण ऐतिहासिक विकास कार्य करवाये जिन में मुख्यतः पेयजल की स्थाई व्यवस्था तथा माता बहनों और युवाओं के लिए ऐतिहासिक विकास कार्य है।

### बाइक सवार युवक की मौत

**डूंगरपुर, (निसं)।** कोतवाली थाना क्षेत्र के बिलडी गांव में अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार पति की मौत हो गई, जबकि बाइक सवार पत्नी,बच्ची और भाई घायल हो गया। घायलों को डूंगरपुर अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। वहीं, शव को मॉर्च्युरी में रखवाया है।कोतवाली थाने के थानाधिकारी ने बताया कि खेमारू निवासी अनिल पुत्र मणिलाल कटारा अपनी पत्नी, 2 साल की बच्ची और 1० वर्षीय भाई के साि बाईक पर घर जा रहा था। इस दौरान बिलडी गांव के पास एक अज्ञात वाहन ने बाईक को टक्कर मार दी। हादसे में अनिल के सिर, हाथ पैर और शरीर पर कई जगह चोंटे आई, जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हादसे में उसकी पत्नी, बेटी और भाई गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने शव को जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया है, वही घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया। जहां से गंभर घायल 10 वर्षीय भाई को उदयपुर के लिए रेफर किया गया है।

### आग से सामान जला

**डूंगरपुर, (निसं)।** सदर थाना क्षेत्र के घुघरा गांव में रविवार रात के समय शॉर्ट सर्किट के चलते एक मकान और मकान में रखे टेंट हाउस के सामान में आग लग गई। ग्रामीणों और फायर ब्रिगेड ने मिलकर करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग को बुझाया, लेकिन तब तक टेंट हाउस की सामग्री और घर में कैश और जेवर सहित लाखों रुपए का घरेलू सामान जलकर राख हो गया। घुघरा गांव निवासी नटवरदास पुत्र शोभाराम वैष्णव टेंट हाउस का काम करता है। टेंट की सामग्री घर के एक हिस्से में ही रखता था। रविवार रात नटवरदास पत्नी और दोनों बच्चों सहित अपने नए निर्माणाधीन मकान पर गया था, वहीं घर पर कोई नहीं था। रात 9 बजे बीच अचानक घर से धुंआ निकलने हुए दिखाई दिया। जिस पर इसकी सूचना मकान मालिक को आस-पास के पडोसियों ने दी। मकान मालिक मौके पर पहुंचा और घर का दरवाजा खोला तो अन्दर आग की लपटे उठ रही थी। ग्रामीणों ने तुरंत अपने स्तर पर आग बुझाने के प्रयास शुरू कर दिए। वहीं,सूचना मिलने पर फायर बिग्रेड भी मौके पर पहुंची। फायर बिग्रेड ओर क्षेत्र के ग्राामीणों ने मिलकर आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक घर में रखा करीब 3 लाख का टेंट का सामान, 5 तोला सोना, और आधा किलो चांदी के जेवर, 55 हजार रूपये केश सहित फ्रिज, टीवी, कपडे, बिस्तर और अनाज जलकर राख हो गया। पीडित नटवरदास ने बताया कि आग से उसे करीब 12 लाख रूपये का नुकसान होने की संभावना व्यक्त की।

### हादसे में किसान की मौत

**उदयपुर, (कासं)।** राह चलते बाइक की टक्कर से घायल किसान की उचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार दोपहर में डबोक थाना क्षैत्र नया खेडा घणोली निवासी लालूराम (75) पुत्र हेमा भील बाइक की टक्कर से घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए एमबी चिकित्सालय में भर्ती करवाया। जहां उसकी मौत हो गई। सूचना मिलने पर हेडकांस्टैबल सुरेशसिंह ने मृतक का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया।लालूराम किसान था एवं दोपहर में वह खेत से पैदल घर लौट रहा था। जहां बीच रास्ते पिछे से आई बाइक ने उसे चपेट मे ले लिया था।

### अवैध गांजे के पौधे जब्त

**उदयपुर, (कासं)।** जिले के माण्डवा थाना पुलिस ने मकान पर दबीश देकर तीन सौ किलो से अधिक अवैध गांजे के पौधे जब्त कर प्रकरण दर्ज किया। जिला पुलिस अधीक्षक भूवन भुषण यादव के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पर्वतसिंह, पुलिस उप अधीक्षक रामेश्वरलाल के सुपरविजन में माण्डवा थानाधिकारी दलपतसिंह के नेतृत्व में गठित दल ने मुखबीर से मिली सूचना के आधार पर रमेश पुत्र हसिया निवासी खापा भागा फला कुकावास माण्डवा के घर पर दबीश देकर वहां रखे अवैध गांजे के 301.200 किलोठााम पौधे जब्त कर प्रकरण दर्ज किया।

# कांग्रेस प्रत्याशी भाटी ने किया काबरा-कोटडी क्षेत्र का दौरा

**राजसमंद, (कासं)।** कांग्रेस प्रत्याशी नारायणसिंह भाटी ने सोमवार को रेलमगरा क्षेत्र के ग्राम पंचायतों के विभिन्न गांवों में ग्रामीणों से संपर्क कर कांग्रेस की नीतियों पर मत और समर्थन मांगा। भाटी ने ग्राम पंचायत पछमता के गांव चाम्पाखेडी से अपने दौरे की शुरुआत करते हुए पंचायत मुख्यालय पछमता पहुंचे। जहां ग्रामीणों ने पुष्प वर्षा करते हुए और ढोल-नगाडा वादन के साथ उनका स्वागत किया। इसके बाद भाटी क्षेत्र के सोनियाणा गांव पहुंचे तो वहां ग्रामीणों ने अपनी कई समस्याएं गिनाई। जिस पर भाटी ने ग्रामीणों को पहले उन्हें वोट करके जीताने की अपील की। साथ ही कहा कि विधायक के पद पर आसीन होते ही ग्रामीणों की सभी समस्याओं का वे प्राथमिकता के आधार पर समाधान करवाएंगे। वहीं, सीमांत गांवों में अब तक जो भी विकास की कमी रह गई है उसे दूर करते हुए सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाएंगे, ताकि ग्रामीणों को शहर और कस्बों की ओर नहीं देखना पडे। इसके बाद भाटी ग्राम पंचायत पनोतिया के गांव जगपुरा पहुंचे। जहां ग्रामीणों ने माला और इकलाई पहनाते हुए नारेबाजी करके स्वागत किया। भाटी ग्राम पंचायत मुख्यालय कुण्डिया पहुंचे।



**राजसमंद विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस प्रत्याशी नारायणसिंह भाटी ने जनसम्पर्क के दौरान ग्रामीणों से कांग्रेस की नीतियों पर मत और समर्थन मांगा।**

जहां ग्रामीणों ने मातृकुण्डिया बांध सहित नहरों आदि से संबंधित पंचायत के विभिन्न गांवों की समस्याओं को उनके समक्ष रखा। इस पर भाटी ने कहा कि प्रत्येक गांव को उसका हक दिलाने का वे वादा करते हैं, लेकिन इसके लिए पहले ग्रामीणों को भी उन्हें विधानसभा तक पहुंचाने के लिए पूरा समर्थन देना होगा। इसके बाद सोमवार को इसी पंचायत के कोलपुरा, ग्रमा पंचायत खडबामनिया के अमरपुरा, शिवपुरा, ग्राम पंचायत काबरा के गणेशपुरा, काबरा, सुनारिया खेडा, मकनपुरा में ग्रामीणों से वोट मांगे। इसके बाद भाटी ग्राम पंचायत कोटडी के गांव माताजी का खेडा पीपवास, नया दरीबा आदि में पहुंचे तो यहां भी ग्रामीणों ने सीमांत क्षेत्र की समस्याएं उनके समक्ष रखी। जिस पर भाटी ने कहा कि सभी का समाधान विधानसभा में शपथ लेते ही सबसे पहले करवाने का काम करेंगे, जिसके लिए उन्हें गांव के सभी लोगों के शत प्रतिशत वोट चाहिए। इसके बाद भाटी ने सुंदरपुरा, उदलपुरा व कोटडी के पंचायत मुख्यालय पर संपर्क किया।

## बेंच प्रेस प्रतियोगिता के लिए राजस्थान टीम की घोषणा

**उदयपुर,** 20 नवम्बर। बेंगलुरु (कर्नाटक) में 22 से 26 नवंबर तक आयोजित होने वाली राष्ट्रीय सीनियर , जूनियर, सब - जूनियर एवं मास्टर पुरुष एवं महिला बेंच प्रेस प्रतियोगिता में भाग लेने वाली राजस्थान टीम की घोषणा की गई। राजस्थान टीम मंगलवार सुबह बेंगलुरु के लिए रवाना होगी।

राज्य सीनियर पुरुष टीम के कप्तान आशीष जैमन होंगे, वही राज्य जूनियर टीम के कप्तान उदयपुर के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी व भूपाल नोबल्स फिजिकल महाविद्यालय के छात्र गौरव साहू होंगे।

## पीले चावलों से करेंगे मतदाताओं से मतदान की मनुहार

**बांसवाड़ा, (निसं)।** निर्वाचन आयोग की ओर से विधानसभा आम चुनाव के तहत लोकतन्त्र के महाउत्सव में अधिक से अधिक मतदाताओं की सहभागीता सुनिश्चित करने तथा मतदान का प्रतिशत बढाने के लिए स्वीप प्रकोष्ठ के माध्यम से मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक करने से संबंधित विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से मतदान के लिए प्रेरित करने का कार्य किया जा रहा है। मतदान तिथि नजदीक आने के साथ ही निर्वाचन आयोग की पहल पर सतरंग सप्ताह का आयोजन स्वीप प्रकोष्ठ के तत्वावधान में किया जाकर सभी की भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है। महा जागरूकता अभियान के तहत 21 से 23 दिसम्बर तक स्वीप प्रकोष्ठ के तत्वावधान में जिला मुख्यालय से लेकर गांव स्तर तक मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करने के कार्यक्रम आयोजित करने की कार्य योजना बनाकर कार्य प्रारम्भ कर दिया गया हैं। इसके तहत 21 नवम्बर को घर-घर पहुंच कर मतदाताओं से पीले चावल से आमन्त्रण देने का कार्य किया जाएगा जिसके लिए जिले के शिक्षा विभाग अधीनस्थ विद्यालयों में स्काउट-गाइड एवं राष्ट्रीय सेवा योजना से जुडे नौनिहालों को इसका जिम्मा सौंपा गया है। इसी तरह 22 नवम्बर को मानव श्रृंखला बनाकर मतदाता जागरूकता का संदेश आमजन में संवहित किया जाएगा तथा मतदाताओं से 25 नवम्बर को मतदान करने के लिए प्रेरित करने का कार्य होगा। इसी तरह 23 नवम्बर को हम नाचेंगे, गायेंगे, मतदान करेंगे गीत नृत्य के माध्यम से लोकतन्त्र के महा उत्सव में शामिल होकर मतदान कर लोकतन्त्र में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने का शंखनाद किया जाएगा।

## कांग्रेस जनता को गुमराह करके वोट लेने का काम करती है : राजे

**कुशलगढ़, (निसं)।** भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे सिंधिया चंद्रशेखर आजाद स्टेडियम में आमसभा को संबोधित किया। कुशलगढ़ विधानसभा प्रत्याशी भीमाभाई डामोर वसुंधरा सिंधिया को चांदी की सकली पहनाकर स्वागत किया वहीं जिला युवा मोर्चा अध्यक्ष ने दीप सिंह वसुनिया ने तस्वीर भेंट की गई।

उपाध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे सिंधिया ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने लोगों से वादा खिलाफी की है जबकि भारतीय जनता पार्टी की सरकार में कई विकास कार्य हुए हैं और कुशलगढ विधानसभा क्षेत्र में भी मेरे मुख्यमंत्री काल में मेरे द्वारा कुशलगढ़ विधानसभा क्षेत्र के लिए बजट आवंटन किया था आपके सामने आपका प्रत्याशी भीमाबाई डामोर ने हमारी सरकार के समय कई कुशलगढ़ विधानसभा क्षेत्र के लिए पेयजल की टंकियां बनवाई गई जो आपके क्षेत्र में आज दिखाई दे रही है। कुशलगढ़ में कांग्रेस सरकार ने स्कूल अस्पताल तो खोल दिए मगर उनमें टीचर और डॉक्टर नहीं है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार के समय अस्पताल और स्कूलों में डॉक्टर और टीचर सभी जगह



**भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे सिंधिया ने चंद्रशेखर आजाद स्टेडियम में आमसभा को संबोधित किया।**

उपलब्ध थे।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार ने आज तक किसानों का कर्ज माफ नहीं किया और नई बिजली के बिल में कमी की गई उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार में हमने किसानों के कर्ज माफ किया और बिजली के बिल भी नहीं बढ़ाए गए थे, लोगों को बिजली भी मुफ्त में दी गई थी कांग्रेस सरकार कहती है कि हमने 100 यूनिट बिजली बिल में फ्री दी है जबकि कांग्रेस सरकार में 18 घंटे बिजली की कटौती होती है तो कहां से आप 100 यूनिट बिजली फ्री दे रहे हो। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार सिर्फ वादे करती है और जनता को गुमराह करके वोट लेने का काम करती है। भाजपा प्रत्याशी भीमा भाई डामोर ने कहा कि मुझे आप अधिक से अधिक वोट देकर जितावें जिससे मैं कुशलगढ़ के विकास कार्य में कोई कमी नहीं छोडूंगा और माईका पानी कुशलगढ़ में लाकर रहूंगा।

## राष्ट्रीय सब जूनियर कराटे में आध्या ने जीता ब्रॉन्ज मेडल

**बांसवाडा।** जज्बा और जुनून हो तो उम्र मायने नहीं रखती है जिले की 8 वर्षीय आध्या भावसार ने राष्ट्र स्तरीय सब जूनियर प्रतियोगिता में खिताब जीत कर यह साबित कर दिखाया। दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में तीन दिवसीय राष्ट्र स्तरीय सब जूनियर कराटे चौंपियनशिप में न्यू लुक सेंट्रल स्कूल कोठारी हवेली की कक्षा 4 की छात्रा आध्या भावसार ने 35 किलो भार वर्ग में राजस्थान का प्रतिनिधित्व करते हुए सेमीफाइनल में पहुंचकर ब्रोंज मेडल अर्जित कर जिले का नाम रोशन किया। द कॉम्बैट कराटे एकेडमी के कोच परितोष ने बताया कि पिछले 1 वर्ष की कडी मेहनत के बाद आध्या इस मुकाम पर पहुंची। अकादमी की संचालक कामना भावसार ने कहा कि समय को देखते हुए बच्चियों को आत्मरक्षा सीखना बहुत आवश्यक है आत्मरक्षा से बच्चों में आत्मविश्वास आता है। स्कूल की प्रिंसिपल विनीता जोशी ने आध्या को शुभकामनाएं देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की। आध्या को कराटे सीखने की प्रेरणा अपने मामा से मिली तथा मामा के मार्गदर्शन में और निरंतर अभ्यास से उसे यह सफलता प्राप्त हुई है।

## सार-समाचार

### जेपी नड्डा ने उदयपुर में किया रोड शो

**उदयपुर, (कासं)।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा ने सोमवार शाम उदयपुर शहर में रोड़ शो किया। रोड शो टाउनहॉल से शाम 4 बजे रवाना हुआ जो हाथीपोल पहुंचा और वहां पर आयोजित सभा को नड्डा ने संबोधित किया।भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का रोड शो टाउनहॉल से विशेष रथ पर सवार होकर प्रारंभ हुआ। रथ पर राष्ट्रीय अध्यक्ष के साथ शहर एवं ठाामीण विधानसभा के भाजपा प्रत्याशी ताराचंद जैन एवं फूल सिंह मीणा शहर जिला अध्यक्ष रवींद्र श्रीमाली मौजूद रहे। रोड शो टाउन हॉल से प्रारंभ होकर सूरजपोल बापू बाजार, देहलीगेट, अश्विनी बाजार होते हुए हाथी पोल पर संपन्न हुआ। रोड शो के अंत में हाथीपोल पर चुनावी रथ से ही उपस्थित जन समुदाय को संबोधित करते हुए भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि चुनाव जीतना ही हमारा मकसद नहीं है यह एक बड़ी लड़ाई है राजस्थान की जनता को जिस प्रकार से 5 साल तक गहलोत सरकार ने त्रस्त कर दिया था अब उसे जनता को सुशासन देना है उनकी समस्याओं के समाधान के लिए आगे बढ़ना है। उन्होंने कहा कि जो राजस्थान वीरों की तपस्वियों की संस्कार की महाराणा की भामाशाह की भूमि है ऐसे में गहलोत सरकार ने इस भूमि पर ग्रहण लगा रखा है महिलाओं की इज्जत अस्मिता से लगातार खिलवाड़ किया जाता रहा है महिलाओं के स्वाभिमान के साथ गहरी चोट की है इस गहलोत सरकार ने जिसका बदला हमें लेना है। इसके अलावा उन्होंने कई मुद्दों पर गहलोत सरकार पर जमकर तंज कसे। इसके बाद जेपी नड्डा रथ से उतरकर कार में सवार होकर एयरपोर्ट की ओर प्रस्थान कर गए।

### सड़क हादसे में एक की मौत, एक घायल

**देवगढ़, (निसं)।** देवगढ़ थाना क्षेत्र के नेशनल हाई वें डान की बावडी के समीप कार एवं टी वी एस मोपेड एक्सल की आपस में जोरदार भिडंत हो गई। जिसमें मोपेड सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई एवं एक व्यक्ति की हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। विस्तृत सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार चंद्रकांत सालवी पिता गणेशाराम सालवी उम्र 27 वर्ष निवासी रामदेवरा मंदिर पिपली नगर थाना देवगढ़ ने रिपोर्ट दर्ज करवाई हैं रिपोर्ट के अनुसार घटना सोमवार प्रात लगभग 6:30 बजे की हैं टीवीएस एक्सएल मोपेड पर रोडाराम पिता लालू राम जाति सालवी उम्र 58 वर्ष निवासी पीपली नगर व उनके पीछे बैठे रतनलाल पिता मोतीराम उम्र 60 वर्ष निवासी पीपली नगर दोनों कामलीघाट किसी सामाजिक कार्यक्रम से वापस अपने घर पीपली नगर लौट रहे थे। इसी बीच डान की बावडी के पास स्थित रिलायंस पेट्रोल पंप के सामने पहुंचे जहां कामलीघाट की ओर से आ रही एक इको कार चालक तेज गति एवं लापरवाही पूर्वक चलाते हुए आया और रोडाराम एवं रतन लाल टीवीएस एक्सएल मोपेड पर अपनी साइड में चल रहे थे जिनको इको कार चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए गलत साइड में जाकर पीछे से गाडी को टक्कर मार दी जिससे कि रोडाराम एवं रतनलाल दोनों दूर जा गिरे टक्कर लगने से रोडाराम के सिर पर पर गंभीर चोट आई व रतनलाल के दाहिने पैर एवं सिर पर गंभीर चोटे आई। जिनको 108 एंबुलेंस की सहायता से देवगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर लेकर आए जहां पर रोड़ाराम के सिर पर गंभीर चोटे आने एवं अधिक खून बह जाने से डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। तथा रतनलाल के गंभीर चोट होने से राजसमंद रेफर कर दिया।सुचना पर देवगढ़ पुलिस थाना से द्वितीय थानाधिकारी प्रताप सिंह अस्पताल पहुँचे जहाँ चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर मृतक का पोस्टमार्टम करवा कर शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया।

### श्रमिक की झुलसने से मौत

**उदयपुर, (कासं)।** शहर के प्रतापनगर थाना क्षेत्र बेकरी प्रोडक्ट फैक्ट्री में सोमवार को शार्ट सर्किट से लगी आग में एक श्रमिक की झुलसने से मौत हो गई तथा दो श्रमिक घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार सवेरे प्रतापनगर थानाक्षैत्र कबार्ड मार्केट स्थित सुमन फूड प्रोडक्ट फैक्ट्री में गैस लिकेज होने से अचानक आग लग गई। इस दौरान मौके पर मेंटीनेंस का काम कर रहे श्रमिक उन्नास युपी हॉल उदयपुर निवासी मोहनलाल (32) पुत्र रामगुलाम पासवान झुलस कर कोयला हो गया। दो अन्य श्रमिक झुलसने से घायल हो गए जिन्हें उचार के लिए एमबी चिकित्सलय में भर्ती करवाया। मोहन काफी लंबे समय से सुमन फूड प्रोडक्ट में मशीन मेंटिनेंस काम काम करता था एवं सोमवार को वह इसका मेंटिनेंस देख रहा था इसी दौरान अचानक गैस लिकेज होने पर वहां काम कर रहे श्रमिकों के बुलाने पर मोहन गया तथा आग लगने की आशंका होने पर वह मशीने बंद करने के लिए करंट बंद करने गया। इसी दौरान अचानक आग बढ गई। जिससे मोहन पैनल के चिपक कर बुरी तरह झुलस गया। हादसे में दो श्रमिक हीहरी धोलपुर निवासी रामरतन पुत्र राधेश्याम तथा बलराम जिला छतरपुर एमपी निवासी राजेश कुमार पुत्र पातुमल घायल हो गए।सूचना मिलने पर फायर अधिकारी शिवकुमार के निर्देश पर सुंदरवास फायर स्टेशन से दो दमकल की गाड़ियों ने मौके पर पहुंच कर 20 लीटर फोम की मदद से करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इधर, प्रतापनगर थाने से एएसआई पर्वतसिंह ने घटना स्थल से मोहन को बाहर निकाल एमबी चिकित्सालय मोर्चरी में रखवाया तथा झुलसे श्रमिकों को उपचार के लिए भर्ती करवाया। फैक्ट्री विशाल पुत्र ब्रह्मानंद की बताई जाती है। सभी श्रमिक फैक्ट्री में ही रहते हुए वहां पर काम करते थे। मामले में अनुसंधान अधिकारी एएसआई पर्वतसिंह ने मृतक मोहन का पोस्टमार्टम करवा उसके चचेरे भाई रतीराम को शव सौंपा।

### इनामी वारंटी गिरफ्तार

**उदयपुर, (कासं)।** शहर के सविना थाना पुलिस ने पच्चीस हजार के इनामी वारंटी को गिरफ्तार किया। पुलिस मुख्यालय जयपुर के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान को लेकर जिला पुलिस अधीक्षक भुवन भूषण के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लोकेन्द्र दादरवाल के निर्देशानुसार पुलिस उप अधीक्षक शिप्रा राजावत के सुपरविजन में सविना थानाधिकारी फूलचंद टेलर के नेतृत्व में गठित दल ने पच्चीस हजार रूपये के इनामी वारंटी विनोद उर्फ छील्लर पुत्र शुभराम जाट निवासी शहपुर बावल रेवाडी हरियाणा को गिरफ्तार किया था। आरोपी पर 25 हजार का इनाम जिला पुलिस अधीक्षक ने घोषित किया था। आरोपी सविना थाने के प्रकरण संख्या 47 /2020 में एटीएम काट कर लेजाने के मामले में वांछित था।

# विश्व जल सम्मेलन का आगाज

**उदयपुर, (कासं)।** भारतीय ज्ञानतंत्र की लंबी गहरी विरासत और सामुदायिक विकेन्द्रित प्रबंधन से ही इन प्राकृतिक आपदाओं से मुक्ति मिल सकती है। इतनी प्रतिकुल परिस्थितियों में भी भारत अपने ज्ञानतंत्र और संमृद्व प्राकृतिक परंपराओं के कारण ही आज विश्व में अपनी जगह पर अडिग खड़ा है। भारतीयों के लिए जल मात्र प्राकृतिक पदार्थ न हो कर जीवन,जिविका और जमीर है। भरतीयों

- **विश्व के छहों महाद्वीपों के प्रतिनिधि भाग लेने पहुंचे उदयपुर**

के लिए प्रकृति ही भगवान है। पंचमहाभूतों ,प्रकृति तथा आत्मा के संतुलन में आने पर ही संकटों का समाधान मिल सकता है। प्रकृति ही ईश्वर का रूप है जिसमें पंचमहाभूतों का समावेश है। जिनके द्वारा ही मानव के सतत विकास की कल्पना साकार हो पाई है किन्तु मानव स्वयं ये भूल बैठा है कि इन पंचमहाभूतों के असंतुलन से न केवल प्रकृति का विकास अवरूद्व हो रहा है अपितु स्वयं मानव जाति के अस्तित्व पर संकट गहरा रहा हैं। ये संकट कभी अनावृष्टि तो कभी अतिवृष्टि का रूप ले कर तो कही ग्लोबल वार्मिंग और मौसम परिर्वतन के रूप में विश्व के अलग अलग स्थानों पर प्रकट हो रहा है । उक्त विचार जनार्दनराय नागर राजस्थान विद्यापीठ डीम्ड टू बी विश्वविद्यालय एवं विश्व जन आयोग स्वीडन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित दूसरे तीन दिवसीय विश्व जल सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में मैग्सेसे पुरस्कार विजेता पानी वाले बाबा डॉ राजेंद्र सिंह ने "डीफेन्डींग द सेकरेड फोर ससटेनेबल डवलपमेंट ऑफ नेचर एंड हयूमनकाइन्ड" विषयक पर कही।



**उदयपुर में जनार्दनराय नागर राजस्थान विद्यापीठ विवि एवं विश्व जन आयोग स्वीडन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित दूसरे तीन दिवसीय विश्व जल सम्मेलन के उद्घाटन सत्र सोमवार को शुरू हुआ।**

कुलपति प्रो. एस. एस. सारंदेवोत ने कहा कि ये भारत में दूसरा मौका है जब कि जनार्दनराय नागर राजस्थान विद्यापीठ डीम्ड टू बी विश्वविद्यालय एवं विश्व जन आयोग स्वीडन के साझे में विश्व जल सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। विश्व जल सम्मेलन के आयोजन और इसके उद्देश्यों के बारे में जानकारी देते हुआ कहा कि प्रकृति और मानव जाति के सतत विकास की रक्षा की संभावनाओं तथा उससे जुड़े मुददे आज के समय की मांग है। इनके वकास को सुरक्षित रख कर न केवल हम हमारे अस्तीत्व को बनाए रख सकते है बल्कि ये प्रयास समस्त मानव जाति और प्रकृति दोनों के विकास को सुनिर्श्चित करने की दिशा में अहम कदम साबित होगा। इसके लिए हमें हमारी भारतीय ज्ञान परंपरा से जुड़ना होगा ।

## चुनाव की तैयारियों की समीक्षा की

**उदयपुर, (कासं)।** विधानसभा आम चुनाव को लेकर निर्वाचन विभाग एवं जिला प्रशासन की तैयारियां अंतिम चरण पर है। सोमवार को भारत निर्वाचन आयोग के उप निवार्चन आयुक्त मनोज कुमार साहू ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिला निर्वाचन अधिकारियों व जिला पुलिस अधीक्षकों की बैठक लेकर चुनाव संबंधी तैयारियों की स्थिति की समीक्षा की और चुनाव के संचालन के दौरान उनकी भूमिका के बारे में अवगत कराया। उप निर्वाचन आयुक्त ने मतदान दलों के अंतिम प्रशिक्षण, ईवीएम का रेंडमाइजेशन, मतदान दलों की रवानगी, वाहन व्यवस्था, मतदान केन्द्रों पर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने, जिले के 50 फीसदी बूथ पर वेबकास्टिंग के माध्यम से विशेष निगरानी रखने, मीडिया पास, स्वीप गतिविधियों के प्रभावी क्रियान्वयन, मतदान केन्द्रों पर एवं आसपास के क्षेत्रों में कानून व्यवस्था सुनिश्चित करने आदि तैयारियों के संबंध में समीक्षा करते हुए स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान के लिए समय रहते सभी तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश दिए।

इसके साथ ही उप निर्वाचन आयुक्त साहू ने निर्वाचन से जुड़े सभी अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि मतदान प्रचार समाप्ति के बाद हर गतिविधि पर विशेष नजर रखें।

# जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के नवचेतना अभियान का शुभारंभ

**राजसमंद, (निसं)।** जिले में राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के आदेशानुसार शराब और मादक द्रव्यों, पीडितों के उपचार, पुनर्वास व नशीली दवाइयों के दुरुपयोग और इसकी रोकथाम के बारे में जागरूकता बढाने के लिए तीन दिवसीय विशेष अभियान चलाया जाएगा। प्राधिकरण सचिव मनीष कुमार वैष्णव ने बताया कि शराब और मादक द्रव्यों, पीडितों के उपचार, पुनर्वास व नशीली दवाइयों के दुरुपयोग और इसकी रोकथाम के लिए जिले भर में नवचेतना विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के प्रथम चरण में विद्यालयों में नवचेतना लाइफ स्किल्स एंड ड्रग एज्यूकेशन मॉड्यूल के अनुसार विधिक साक्षरता शिविर आयोजित किये गए एवं तीन दिवसीय विशेष अभियान के तहत प्राधिकरण द्वारा कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। सोमवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा न्यायालय परिसर स्थित वैकल्पिक विवाद निस्तारण केन्द्र में कार्यशाला का आयोजन किया गया। ये कार्यशाला जिला एवं सेशन न्यायाधीश की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसमें मुख्यालय पर पदस्थापित



**नशा मुक्त राजसमंद अभियान के तहत न्यायिक अधिकारी ने नशे से दूर रहने की शपथ ली।**

न्यायिक अधिकारीगण, अधिवक्तागण, अलंकार फाउंडेशन के कार्यकर्ता। जतन संस्थान, महिला मंच व अन्य विभागों के कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यशाला में जिला एवं सेशन न्यायाधीश आलोक सुरोलिया द्वारा नशा मुक्त राजसमंद अभियान के लिए तैयार किये गये दो अलग-अलग पैम्पलेट, बैनर का विमोचन किया गया। कार्यशाला के अध्यक्ष जिला एवं सेशन न्यायाधीश आलोक सुरोलिया ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए नशीले पदार्थों से होने वाले दुष्परिणाम, नशीले पदार्थों के सेवन के लक्षण बताते हुए उनसे बचाव के लिए छात्रों, युवाओं, माता-पिता, परिवारजन व शिक्षकों को क्या करना चाहिए इत्यादि के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की।

कार्यक्रम में प्राधिकरण सचिव मनीष कुमार वैष्णव ने बताया कि बार-बार नशा करना लत नहीं वरन एक बीमारी है जो व्यक्ति को धीरे-धीरे अपने शिंकजे में जकड कर शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक क्षति पहुंचाती है। नशे में लिप्त व्यक्ति अपने परिवारजन को भी मानसिक क्षति से कारित करता है तथा अपने बच्चों की शिक्षा की प्रगति में बाधा डालता है। साथ ही उन्होंने बताया कि भांग, गांजा, चरस, अफीम, हेरोइन, ब्राउन शुगर आदि से ग्रसित व्यक्ति शारीरिक, मानसिक व आर्थिक रूप से कमजोर हो जाता है।